दसलक्षण महापर्व पर आत्मसात कर रहे महावीर स्वामी की अमृत वाणी, जैन तीर्थकरों के जयघोष के साथ बुधवार को आत्मसंयम का लिया संकल्प

मोक्ष की कामना, विश्व शांति की भावना हो रही सुवासित

दसलक्षण महापर्व

प्रयागराज | संवाददाता

जीरो रोड स्थित चाहचंद मोहल्ला इस समय भक्तिमय है। भोर से ही जैन मंदिर की गली महावीर स्वामी की अमृतवाणी से सुवासित हो जाती है। श्रद्धा, सादगी से श्रावक भगवान ऋषभदेव व आदिनाथ के अभिषेक, शांतिधारा में शामिल होकर मोक्ष की कामना करते हैं। भगवान ऋषभदेव ज्ञानस्थली तीर्थ में आयोजित दसलक्षण महापर्व बुधवार को छठवें दिन संयम धर्म के रूप में मनाया गया। इस धर्म विधान के तहत श्रावकों ने इन्द्रियों पर नियंत्रण का व्रत पालन और एकासन किया। जैन तीर्थकरों के जयघोष के बीच आत्मशुद्धि का संकल्प लिया।

विश्व कल्याण के निमित्त किया

दसलक्षण महापर्व पर जीरो रोड स्थित जैन मंदिर में पूजन अर्चन करते भक्त।

शांतिधारा, अभिषेकः जैन तीर्थकर भगवान का अभिषेक, पूजन और शांतिधारा विधान सुबह 6:30 बजे से शुरू हो गया। पं. सुनील जैन के सानिध्य में श्रावकों, श्राविकाओं ने चांदी का मुकुट धारण कर शांतिधारा विधान कर विश्व कल्याण की कामना की। भगवान को छत्र, चांवर चढ़ाया गया। जिनवाणी के मंत्रोचार के साथ जल, चंदन, अक्षत पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, अर्घ्य अष्ट द्रव्यों से सोलह कारण पूजन किया गया और प्राणी, इंद्री संयम का संकल्प लिया।

नई पीढ़ी को सिखाया जा रहा धर्म, विधान

दसलक्षण पर्व को जैन धर्म में पर्वों का राजा माना जाता है। भगवान महावीर स्वामी के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म, जिओ और जीने दो की आदर्श भावना को नई पीढ़ी भी आत्मसात कर रही है। इस क्रम में दूसरे सत्र में बच्चों के लिए शास्त्र प्रवचन और अंत्याक्षरी आयोजित की गई। महिला भक्तों ने संगीतमय भजन की प्रस्तुति की। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

शहर के जैन मंदिरों में मनाया जा रहा महापर्व

दसलक्षण महापर्व जीरो रोड स्थित दिगंबर महासभा के दो जैन मंदिर के अलावा उसी के पास ट्रस्ट द्वारा संचालित दो और मंदिरों में परंपरा अनुसार मनाया जा रहा है। साथ ही कर्नलगंज, महेवा और बैनीगंज में स्थित जैन मंदिर में महापर्व पर श्रद्धा, उल्लास का माहौल है।

महापर्व का मुख्य आयोजन 21 को

दसलक्षण महापर्व का मुख्य आयोजन 21 सितंबर को क्षमावाणी के रूप में मनाया जाएगा। उससे पूर्व 17 को उत्तम तप, 18 को उत्तम आकिंचन, 19 को उत्तम ब्रह्मचर्य उसके बाद 21 को क्षमावाणी के साथ समापन होगा।

जैन धर्मावलंबियों के विचार

दसलक्षण महापर्व आत्मशुद्धि, अहिंसा और मैत्री का संदेश देता है। यह मन की खिड़कियों को खोलने का पर्व है। अतीत की गलतियों को महसूस करना और भविष्य में उन्हें न दोहराने का संकल्प ही इसकी मूल भावना है। -राजेश कुमार जैन

आज भौतिकता की अंधी दौड़ में यह पर्व जिंदगी को जीने का नया मार्ग प्रशस्त करता है। यह पर्व हमारी चेतना पर सुसंस्कार डालता है। आत्मजागरण में सहायक बनता है। यह हमारी आत्मा की कालिमा को धोने का काम करता है। -बाला जैन

दसलक्षण पर्व क्षमा से शुरू होता है और क्षमावाणी से समाप्त होता है। यह मोक्ष प्राप्ति का माध्यम है। इन्द्रियों को संयमित रखने का मार्ग है। विकृति का विनाश और विशुद्धि का विकास इस पर्व का ध्येय है। -अंजलि जैन

दसलक्षण पर्व जीवन जीने की कला सिखाता है। प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। पृथ्वी, जल, वायु, वनस्पति, अग्नि के संरक्षण का संवाहक है। दस दिन चलने वाले इस पर्व में प्रतिदिन धर्म के एक अंग को जीवन में उतारने का प्रयास किया जाता है। -पं. सुनील जैन

20 किलो का बक्सा ही गार्ड बाबू की पहचान

प्रयागराज। ड्राइवरों और ट्रेन के गार्ड बाबुओं के साथ फिलहाल 20 किलो वजन वाला पुराना बक्सा ही रहेगा। रेलवे ने इन बक्सों की जगह ट्रॉली बैग देने की तैयारी की, लेकिन विरोध की वजह से यह मामला लटका ही रहा।

बुधवार को यूनियन के वरिष्ठ नेताओं की रेलवे बोर्ड संग बैठक हुई। यूनियन नेताओं ने साफ किया कि यदि बक्से की व्यवस्था खत्म हुई तो लोको पायलट और गार्ड ट्रेन खड़ी कर देंगे। तय हुआ कि रेलवे बोर्ड की तरफ से एक कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी सभी मंडलों, हेड क्वार्टर्स जाकर लोको पायलट, गार्ड से बात करेगी। फिर रिपोर्ट पेश करेगी। अब रिपोर्ट आने के बाद ही इस मसले पर फैसला लिया जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन के महामंत्री आरडी यादव का कहना है कि ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के महामंत्री व उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्र ने बैठक में पुरानी व्यवस्था को खत्म करने का विरोध किया।

नगर निगम प्रयागराज

शुद्धि पत्र

समस्त सम्मानित निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.09.2021 को आमंत्रित कुल 30 कार्यो की निविदा जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 26.08.2021 को कराया गया था। अपरिहार्य कारणो से उक्त 30 कार्यो की निविदा दिनांक 17.09.2021 को स्थगित करते हुए दिनांक 30.09.2021 को आमंत्रित की जाती है एवं निविदा फार्म का वितरण दिनांक 29.09.2021 को किया जायेगा।

शेष नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

पत्रांक : डी–1784 /जल्कार्य0अधि0 / 2021
दिनांक 15.09.2021

मुख्य अभियंता
नगर निगम प्रयागराज

कार्यालय-उप श्रम आयुक्त, उ0प्र0, 09 मेयो रोड, प्रयागराज

कार्यालय ज्ञाप

यह कि राजकीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सोरांव, प्रयागराज कार्यालय हेतु किराये पर, जिसमें 02 कमरा 12/10, एवं शौचालय, एक बाथरूम, पानी एवं बिजली की पर्याप्त व्यवस्था हो तथा भवन ओपेन एरिया एवं आवागमन हेतु भीड़–भाड़ इलाके से दूर हो, की आवश्यकता है। अतः इच्छुक भवन स्वामी, भवन से सम्बन्धित अपने समस्त वैध प्रपत्रों, जिसमें मानचित्र, किराये का औचित्य प्रमाण पत्र आदि सहित अपना प्रस्ताव इस कार्यालय ज्ञाप की तिथि से 15 दिवस के भीतर "कार्यालय–उप श्रम आयुक्त, उ0प्र0, 09 मेयो रोड, प्रयागराज" में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवास का विद्युत बिल, जलकर एवं सीवरकर का भुगतान नियमानुसार भवन स्वामी द्वारा ही किया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

पत्रांक–3800–3/स0श्र0आ0/2021
दिनांक–15/09/2021

(गौतम गिरि) सहायक श्रम आयुक्त
प्रयागराज।

कार्यालय ग्राम पंचायत बसहरा उपरहार वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बसहरा उपरहार में 14वाँ / 15वाँ वित्त / चतुर्थ राज्य वित्त आयोग / मनरेगा / राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं / कार्यक्रमों के अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण, नाला / नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत कूप का जीर्णोद्धार इण्डिया मार्का–टू हैण्डपम्प की मरम्मत / रिबोरिंग / स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण / मरम्मत ... [illegible]

नियम व शर्तें: [illegible]

दिलीप कुमार (ग्रा.वि.अ.) — राज नरायण (प्रधान)
ग्राम पंचायत बसहरा उपरहार — ग्राम पंचायत बसहरा उपरहार
वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज — वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

कार्यालय ग्राम पंचायत गड़ैया लोनीपार वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा सूचना

[illegible]

दिलीप कुमार (ग्रा.वि.अ.) — राज नरायण (प्रधान)
ग्राम पंचायत गड़ैया लोनीपार — ग्राम पंचायत गड़ैया लोनीपार
वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज — वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

श्रीचंद्र भगवान की मनाई जयंती

प्रयागराज। कीडगंज के बड़ा उदासीन अखाड़े में बुधवार को श्रीचंद्र भगवान की 527 जयंती उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान अखाड़ा परिसर में बने मंदिर में भगवान के आगे हवन, पूजन किया गया। श्रीचंद्र भगवान का अभिषेक हुआ। सभी 13 अखाड़े के प्रतिनिधि पहुंचे।

यही आयोजन मुट्ठीगंज के नया उदासीन अखाड़े में भी होना था, लेकिन बुधवार को बड़ा उदासीन अखाड़े में कार्यक्रम के चलते मुट्ठीगंज के कार्यक्रम को सीमित कर केवल श्रद्धालुओं तक रखा गया। नया उदासीन अखाड़े में 13 अखाड़ों का कार्यक्रम गुरुवार को होगा। महंत रिघानंद ने बताया कि सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधि आए थे।

इसमें बड़ा उदासीन अखाड़े के महंत अग्रदास, मुखामी महंत कोठारी शिवानंद, मुकामी महंत राममुनि, मुख्यमी महंत विष्णु दास, महानिर्वाणी अखाड़े से सचिव व महंत जमुनापुरी, जूना अखाड़े, निरंजनी अखाड़े, तीन अनि अखाड़ों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुद्वारा पक्की संगत के सचिव भी मौजूद रहे।

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

संख्या एस/सेल/611/ई-नी.का./21-22/5270 — वरिष्ठ मुख्य सामग्री प्रबंधक
दिनांक 14.09.2021 — उत्तर मध्य रेलवे

ई-नीलामी कार्यक्रम सूचना
संख्या-7 माह अक्टूबर-2021

अवगत कराया जाता है कि उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न मण्डलों तथा डिपो में उपलब्ध स्क्रैप का विक्रय ई-नीलामी के माध्यम से सम्पन्न किया जायेगा तथा सभी आयोजक अपने निर्धारित क्षेत्र के स्क्रैप का निस्तारण करेंगे।

स्क्रैप मदें- पी.वे. व स्क्रैप रेल, कास्ट आइरन स्क्रैप, कन्डम रोलिंग स्टाक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटोलिक स्क्रैप, टॉनेज और बोरिंग, कन्डम आयल, पेट्रोल ड्रम्स, कन्डम मशीनरी एवं प्लान्ट, कन्डम व्हेकिल्स, कन्डम ऑफिस इक्विपमेन्ट्स, फाउन्ड्री स्क्रैप, सिलीज ओवर हेड इम.एस./जी.आई. टैंक्स, ट्रेन लाइटिंग पंखों का रिलीज फेरस स्क्रैप, रिलीज्ड एम.एस./जी.आई. पाइप लाइन, फाउन्ड्री रकत वांकसार एम.एस. स्क्रैप और अन्य एम.एस. स्क्रैप मदें।

क्रमांक	ई-नीलामी की तिथि व दिन		डिपो/मण्डल	नीलामी के आयोजक
1.	01.10.2021	शुक्रवार	स. भ. डिपो/झांसी	उ.मु.सा.प्र./प्रणाली/झांसी
2.	14.10.2021	बृहस्पतिवार		
3.	28.10.2021	बृहस्पतिवार		
4.	12.10.2021	मंगलवार	स.भ. डिपो/कानपुर	उ.मु.सा.प्र./जी.एस.डी./कानपुर
5.	28.10.2021	बृहस्पतिवार		
6.	08.10.2021	शुक्रवार	प्रयागराज मण्डल	व.म.सा.प्रब./उ.म.रे./प्रयागराज
7.	20.10.2021	बुधवार		
8.	29.10.2021	शुक्रवार		
9.	07.10.2021	बृहस्पतिवार	झाँसी मण्डल	व.म.सा.प्रब./उ.म.रे./झाँसी
10.	21.10.2021	बृहस्पतिवार		
11.	28.10.2021	बृहस्पतिवार		
12.	07.10.2021	बृहस्पतिवार	आगरा मण्डल	व.म.सा.प्रब./उ.म.रे./आगरा
13.	27.10.2021	बुधवार		

माध्यम:- www.ireps.gov.in वेबसाइट द्वारा।

विशेष शर्तें- (1) सभी प्रकार की स्क्रैप मदों की नीलामियाँ ई-नीलामी के माध्यम से 'www.ireps.gov.in' वेबसाइट द्वारा सम्पन्न की जायेगी। यदि उसी दिन निर्धारित समय में नीलामी पूर्ण नहीं हो पाती है तो नीलामी अगले दिन भी जारी रहेगी। (2) ई-नीलामी द्वारा जो लाट बेचे नहीं जा सकें, उन्हें डिपो द्वारा आगले ई-नीलामी में सम्मिलित किया जायेगा। (3) इच्छुक खरीददार स्क्रैप किये गये सामग्रियों के लाटों का निरीक्षण नीलामी से पहले कार्य दिवसों में नामित स्थान पर कर सकते हैं। (4) यदि बिक्री की गई सामग्री की कीमत 5 लाख रूपये से अधिक है तो ऐसी स्थिति में क्रेता को बिक्री कर विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है। (5) नीलामी से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए (जैसे कैटलाग नीलामी की गई मदों की अंतिम बिक्री दर तथा अन्य सभी विवरण) कृपया हमारे वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in' पर देखें। (6) ई-नीलामी से सम्बन्धित और अधिक जानकारी 'www.ireps.gov.in' वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। 1005/21 (P)

North central railway — www.ncr.indianrailways.gov.in — @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

निविदा सूचना सं. 38/2021/2022 — दिनांक : 13-09-2021

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 06.10.2021 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-**

क्र. सं.	निविदा नं.	कार्यों का विवरण	अनुमानित मूल्य (रू.)	कार्य समापन की अवधि	सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार
1	95	सहायक मण्डल इंजीनियर/अलीगढ के अधीन मेन लाइन में टर्नआउट रिन्यूअल एवं डीप स्क्रीनिंग ऑफ टर्नआउट का कार्य।	14173229.88	12 माह	पी वे का कार्य
2	96	वरिष्ठ मण्डल इंजिनियर/पंचम/प्रयागराज के अधीन टुंडला-गाज़ियाबाद सेक्शन में पीने के पानी के ट्रीटमेंट के लिए 08 नं0 आटोमेटिक क्लोरीनेशन प्लांट को विभिन्न ओवर हेड टैंक में आपूर्ति एवं स्थापन का कार्य।	5929936.25	60 माह	इंस्टालेशन/ऑपरेशन मेंटेनेंस ऑफ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट फॉर डिसइंफेक्शन ऑफ ड्रिंकिंग वाटर
3	97	वरिष्ठ मण्डल इंजिनियर/पंचम प्रयागराज के सेक्शन में ट्रैक की मेन्टीनेन्स हेतु वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति का कार्य।	22929642.77	12 माह	थर्मिट वेल्डिंग
4	98	वरिष्ठ मण्डल इंजिनियर/पंचम/प्रयागराज के अधीन टुंडला-गाज़ियाबाद के मध्य प्री और पोस्ट बी0सी0एम का कार्य।	15057366.23	12 माह	पी-वे का कार्य

बयाने की रकम (रू.) : निल, **निविदा खुलने की तिथि :** 06.10.2021

नोट- रेलवे बोर्ड पत्र संख्या 2020/CE-I/CT3E/GCC/Policy DT. 30.12.2020 के द्वारा वित मंत्रालय ने ओम नं0 एफ/9/4/2020-पीपीडी दिनांक 12.11.2020 के माध्यम से सलाह दी है कि शीर्षक "बोली सुरक्षा/बयाना धन जमा" की बोली लगाने वालों के बोली सुरक्षा के बदले बोलीदाताओं से बोली सुरक्षा घोषणा लेने की सलाह दी है/बयाना राशि नहीं। दिनांक 16.01.2021 18:00 बजे या उसके बाद प्रकाशित भारतीय रेलवे के सभी कार्यों और सेवाओं के लिए उपरोक्त निर्देशों का पालन किया जाएगा। यह नीति 31.12.2021 तक मान्य रहेगी।

1. ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि दिनांक 06.10.2021 समय 13:30 बजे तक उपलब्ध है। 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नही की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4. निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाणपत्र जैसा निविदा पत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 6. निविदादाता को जी.सी.सी. 2020 भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। 1002/21 (SP)

North central railways — www.ncr.indianrailways.gov.in — @CPRONCR

एचआर मैनेजर श्रेया सीता अभिनेता सत्यम श्रीराम

पथरचट्टी रामलीला

प्रयागराज | संवाददाता

ऐतिहासिक पथरचट्टी रामलीला इस बार भव्य रंग, रूप में दर्शकों को आनंदित करेगी। ध्वनि-प्रकाश के माध्यम से मंचित होने वाली रामलीला के पात्रों का चयन पूरा हो गया है। मीडिया प्रभारी लल्लू लाल गुप्त सौरभ के अनुसार सभी कलाकार अभ्यास में जुटे हैं। रामलीला सात अक्तूबर से शुरू होगी। इस बार रामलीला में भगवान राम की भूमिका अभिनेता सत्यम उपाध्याय निभाएंगे। सीताजी की भूमिका में श्रेया सिंह हैं। इंफोसिस कंपनी में एचआर मैनेजर श्रेया ने पांच साल तक उर्मिला का किरदार निभाया है। इससे पहले राम की भूमिका शनि गुप्ता और सीताजी का किरदार भानुप्रिया त्रिपाठी निभाती थीं। टीम में शामिल कलाकारों में कौशल्या और मंदोदरी की भूमिका में ऋतंधरा मिश्रा, हनुमान व जनक की भूमिका गौरीशंकर, दशरथ और रावण का किरदार रजनीश बहल निभाएंगे। रामलीला के संयोजक रामचंद्र पटेल और निर्देशक दिलीप तिवारी हैं।

गुजराती फिल्म अभिनेता भी हैं पथरचट्टी के श्रीराम

अल्लापुर के रहने वाले अभिनेता सत्यम उपाध्याय रामलीला में श्रीराम की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने गुजराती फिल्म और वेब सीरीज में काम किया है। सत्यम इस समय मुंबई में रहते हैं। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एड भी शूट किया है।

इंफोसिस में एचआर मैनेजर है सीता

रामलीला में सीता की भूमिका निभाने वाली श्रेया सिंह बंगलुरु स्थित इंफोसिस कंपनी में एचआर मैनेजर हैं। लखनऊ की रहने वाली श्रेया के पति बैंक मैनेजर हैं। बीएचयू से स्नातक श्रेया ने लखनऊ से एमबीए किया है। श्रेया पथरचट्टी में पांच साल तक उर्मिला की भूमिका निभा चुकी हैं।

अधिवक्ता सचिन को लक्ष्मण का किरदार

लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सचिन श्रीवास्तव पेशे से अधिवक्ता हैं। पथरचट्टी रामलीला में सचिन 10 वर्षों से लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने भरत की भी भूमिका निभाई है।

इंद्रजीत सिंह निभाएंगे भरत की भूमिका

कटरा रामलीला में भरत की भूमिका निभाने वाले इंद्रजीत सिंह अब पथरचट्टी में भरत की भूमिका निभाएंगे। टीवी कलाकार इंद्रजीत ने पंजाब से उच्च शिक्षा हासिल की है। कई साल से रंगमंच से जुड़े हैं।

कौशल्या, मंदोदरी के किरदार में ऋतंधरा

अधिवक्ता व साहित्यकार ऋतंधरा मिश्रा कौशल्या और मंदोदरी दोनों पात्रों की भूमिका निभाएंगी। वे इस बार रामलीला में सह-निर्देशन की भी भूमिका निभाएंगी। ऋतंधरा 20 वर्षों से इसी रामलीला से जुड़ी हैं।

दशरथ और रावण की भूमिका में बहल

अलोपीबाग के रजनीश बहल दशरथ और रावण की भूमिका निभाएंगे। वे इस समय मुंबई में रहते हैं। चार साल पहले एक सड़क दुर्घटना में वे जख्मी भी हो गए थे।

साहित्यकारों के निमित्त किया रक्तदान

प्रयागराज। हिंदी दिवस के तहत सखी संघ ने संस्कार वाटिका के सहयोग से साहित्यकारों के निमित्त रक्तदान किया। अध्यक्ष अनामिका सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। हम सबको इस पर गर्व करना चाहिए। नीलम प्रसाद, प्रियंका, श्वेता ने रक्तदान किया।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda — आरओ सार्व, इलाहाबाद

11-ए/4, नसीबपुर, बख्तियारा, अशोक नगर, इलाहाबाद
ई-मेल: sarall@bankofbaroda.co.in

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना
"परिशिष्ट IV-A (नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान को देखें)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति जो, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के निम्नलिखित खाते के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जो है जहां है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 08.10.2021, 02.00 PM से 06.00 PM | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 07.10.2021, 10.00 AM से 04.00 PM**

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी/ट्रांसफर (चालान निष्पादन के बाद) (https://www.mstcecommerce.com) के द्वारा बोलीदाताओं के ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में किया जाएगा।

क्र0 सं0	ऋणियों/जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण ज्ञात भारों के साथ, यदि कोई हो	कुल बकाया राशि	सम्पत्ति निरीक्षण/ ईएमडी जमा करने के लिए तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि
1	ऋणी: (1)- मैसर्स कुंवर इंडस्ट्रीज पता- एमआईजी, बीएम02, एडीए कालोनी, नैनी, इलाहाबाद-211008 पार्टनर/जमानतकर्ता (1)- श्री कुंवर हरि किशन पुत्र श्री मथुरा प्रसाद जायसवाल पता- बीएम02, सेक्टर बी, फेस-11 (वर्ल्ड बैंक), नैनी आवास योजना, इलाहाबाद (प्रयागराज)-211008 (2) श्रीमती शर्मिला देवी जायसवाल पत्नी श्री कुंवर हरि किशन, पता- बीएम02 सेक्टर-बी फेस-11, (वर्ल्ड बैंक), नैनी आवास योजना, इलाहाबाद (प्रयागराज) 211008 जमानतकर्ता- (1) श्री हरगोविंद जायसवाल पुत्र श्री मथुरा प्रसाद जायसवाल पता- संग्रांव मेजा खास, इलाहाबाद (प्रयागराज)-212303 (2)- श्री धर्मराज सिंह पुत्र श्री अमर जीत सिंह पता- एमआईजी-18 एडीए कॉलोनी, नैनी, इलाहाबाद (प्रयागराज)-211008	सम्पत्ति सं0: (1)- सभी सम्पत्ति एवं उसका भाग ओपेन प्लाट आराजी सं0 840 का भाग जो कि ग्राम बेंदो परगना-अरैल तहसील-करछना, इलाहाबाद में श्री कुंवर हरि किशन पुत्र मथुरा प्रसाद जायसवाल के नाम से स्थित है। कुल क्षेत्रफल- 595 वर्गमीटर, **चौहद्दी- उत्तर-**नाली, **दक्षिण-** 8.50 मीटर चौड़ी सड़क, **पूरब-** श्री धर्मराज सिंह का भाग, **पश्चिम-** श्री नागेन्द्र प्रसाद का प्लाट **सम्पत्ति सं0: (2)-** सभी सम्पत्ति एवं उसका भाग ओपेन प्लाट आराजी सं0 840 का भाग जो कि ग्राम बेंदो परगना-अरैल तहसील-करछना, इलाहाबाद में श्री धर्मराज सिंह पुत्र श्री अमर जीत सिंह के नाम से स्थित है। कुल क्षेत्रफल- 290 वर्गमीटर, **चौहद्दी- उत्तर-** नाली, **दक्षिण-** 8.50 मीटर चौड़ी सड़क, **पूरब-** विक्रेता का भाग, **पश्चिम-** श्री कुंवर हरिकिशन का प्लाट।	₹ 1,48,17,123/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.04.2019 से प्रभावी (31.03.2019 तक ब्याज सम्मिलित) (-) दिनांक 01.04.2019 के बाद जमा की गयी धनराशि यदि कोई हो।	16.09.2021 से 07.10.2021 समय 10.00 AM से 04.00 PM / 16.09.2021 से 07.10.2021 समय 10.00 AM से 04.00 PM	₹ 29,98,000/- (आरक्षित मूल्य) / ₹ 2,99,800/- (अग्रिम धनराशि) / ₹ 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)
	कब्जा की स्थिति:- सांकेतिक				

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट का अवलोकन करें www.Bankofbaroda.in/e-auction.htm&https://ibapi.in. इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल नं0 9554855629 से सम्पर्क करें।

दिनांक: 16.09.2021 स्थान: प्रयागराज — प्राधिकृत अधिकारी, आरओ सार्व, बैंक ऑफ बड़ौदा

क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड फोन-0532-2569727

आवास विकास परिषद कालोनी, सेक्टर-10, योजना संख्या-3, झूँसी, प्रयागराज - 221506

विश्व ओजोन दिवस (16 सितम्बर)

प्रतिवर्ष 16 सितम्बर को विश्व ओजोन दिवस अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ओजोन परत संरक्षण हेतु **"Montreal Ptotocol-Keeping us, our food and vaccines cool"** शीर्षक से अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

ज्ञातव्य है कि पृथ्वी के चारों ओर ओजोन की एक परत आच्छादित है जो कि सूर्य से आने वाली हानिकारक विकिरणों से जीव-जन्तुओं एवं पेड़-पौधों की रक्षा करती है। किन्तु विभिन्न प्रकार के रसायनों के प्रयोग के कारण ओजोन परत को हानि पहुंचती है जो कि मानव अस्तित्व के लिए चिन्ताजनक है। अधिकांश हानिकारक रसायनों का प्रयोग रेफ्रीजरेटर्स, एसी0, फोम बनाने, स्प्रे फैक्ट्रीयों एवं कृषि कार्यों इत्यादि में होता है। ओजोन परत के लिए मुख्य रूप से हानिकारक रसायनों जैसे: क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFC) कार्बन टेट्राक्लोराईड (CTC) हैलोन, हाइड्रोक्लोरोफ्लोरो कार्बन(HCFC) को चिन्हित कर लिया गया है एवं समयबद्ध रूप से इनका उत्पादन एवं प्रयोग समाप्त किया जा रहा है। प्रत्येक नागरिक को इस संबंध में जागरूक एवं प्रतिबद्ध होना आवश्यक है कि ओजोन अवक्षयकारी रसायनों का उत्पादन एवं प्रयोग बन्द किया जाये एवं हानिरहित रसायनों के विकल्प को प्रोत्साहन दिया जाये।

आप और हम ओजोन परत अवक्षय को रोकने के लिए इस प्रकार सहयोग कर सकते हैं कि:-

- उन प्रोडक्ट्स का प्रयोग करिये जो ओजोन अवक्षयकारी नहीं हैं।
- अधिक से अधिक पौधें लगाईये। इससे ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन पैदा होगी।
- स्टाइरोफोम ग्लास और प्लेट की जगह मिट्टी के बर्तन, पत्तल स्टील प्लेट और कांच के बर्तन का प्रयोग करें।
- अपने फ्रिज और ए0सी0 का सावधानी से उपयोग करें। फ्रिज या ए0सी0 की मरम्मत के समय कंप्रेसर में भरी सीएफसी गैस को रिसाइकिल करें।
- गर्मियों में खुद को ठंडा रखने के लिए हल्के कपड़े पहने। ए0सी0 का प्रयोग कम कर कूलर का प्रयोग करें तथा पानी को ठंडा रखने के लिए मिट्टी से निर्मित घड़े अथवा सुराही का प्रयोग करें।

अंततः हम ओजोन परत अवक्षय रोकने में सहयोग करें व अधिक से अधिक लोगों तक ओजोन परत को बचाने की प्रबल आवश्यकता का संदेश पहुंचाएं।

संदर्भ सं0 G00562/ओजोन दिवस/2021-22
दिनांक 15.09.2021

(आर0 के0 सिंह)
क्षेत्रीय अधिकारी

ध्वनि, उच्चारण की दृष्टि से वैज्ञानिक लिपि है देवनागरी

प्रयागराज। रामायण मेला समिति की ओर से भगवान बेनी माधव मंदिर दारागंज में नागरी दिवस समारोह हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रवि कुमार मिश्र ने कहा कि देवनागरी वैज्ञानिक लिपि है। इसके उच्चारण की ध्वनि, मात्राएं बहुत व्यवस्थित और प्रमाणित है। संयोजक डॉ. शंभुनाथ त्रिपाठी अंशुल ने बताया कि देवनागरी कई हिंदी और कई भारतीय भाषाओं की लिपि है। ध्वनि और वर्णगत विशेषताओं से यह देवनागरी का रूप है। डॉ. विनोद पांडेय ने देवनागरी के उद्भव और विस्तार पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता हास्य कवि चिरकुट इलाहाबादी ने की। उमेश श्रीवास्तव, डॉ. इंदुप्रकाश मिश्र, कमला नारायण शुक्ल, केपी गिरी रहे।

जीवन में परमार्थ करना सबसे बड़ा धर्म

प्रयागराज। दंधकांटो कमेटी की ओर से ज्ञान पुस्तकालय कीडगंज में श्रीमद्भागवत कथा हुई। संत बटुक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को जीवन में कार्य करने की विधि बताई थी। कहा था कि लोगों की सेवा करना और परमार्थ का कार्य करना ही सबसे बड़ा धर्म है। सत्य का आचरण से मनुष्य अंदर से सुंदर और उत्तम होता जाता है।